# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बी डी एल / 104/सं.वि.-सीसी/प्रे.वि./04 दि. 6.2.2021

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## <u>बी डी एल ने एयरो इंडिया-2021 में किया नये उत्पादों का उद्घाटन और एम ओ यू</u>







भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने अपने विस्तृत उत्पाद समूह में **'दिशानी'** और **'गरुडास्त्र'** नामक और दो नये उत्पादों को शामिल करते हुए एयरो इंडिया-2021 में इनका उद्घाटन किया है।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बी डी एल ने एयरो इंडिया-5021 के दौरान आयोजित एक समारोह में माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को इन नये उत्पादों के मॉडल प्रस्तुत किये। इस अवसर पर चीफ़ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टॉफ, भारतीय थल सेना और नौसेना के प्रमुख, सचिव (रक्षा उत्पादन), रक्षा मंत्रालय, सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग एवं अध्यक्ष, डी आर डी ओ, एयर आफिसर, अनुरक्षण और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

'गरुडास्त्र' एक उन्नत पनडुब्बी रोधी स्वसंचालित उत्कृष्ट होमिंग टॉरपिडो है। इसका अभिकल्पन और विकास एन एस डी एल, डी आर डी ओ द्वारा किया जा रहा है जबकि बी डी एल इसका विकास भागीदार है।

'दिशानी' विस्तार किये जाने वाला एयर डिप्लॉयड ए एस डब्ल्यू सोनोबॉय प्रणाली है। इसका अभिकल्पन और विकास एन पी ओ एल, डी आर डी ओ द्वारा किया जा रहा है जबकि बी डी एल इसका विकास भागीदार है।

बी डी एल ने एयरो इंडिया-2021 के दौरान नेवलग्रुप, एल अण्ड टी, एम बी डी ए मिसाइल सिस्टम्स लिमिटेड, एल अण्ड टी और एम बी डी ए के संयुक्त वेंचर, रेफेल एडवांसड डिफेंस सिस्टम लिमिटेड (नेवल प्रभाग), थेल्स, यू के, रॉक्सेल, फ्रैंस, एस टी ई, 'SPETSTECHNOEXPORT' उक्रेन, ई एम सी ओ, बल्गेरिया, भारत फोर्ज लिमिटेड, ध्रुव स्पेस प्रा. लि., स्काई रूट एयरोस्पेस प्रा. लि., अनालिनियर डिजाइन टेक्नॉलॉजीस प्रा. लि., टोनबो इमेजिंग इंडियन प्रा.लि. और बिनफोर्ड रीसर्च लैब्स प्रा. लि. जैसे विभिन्न देशी और विदेशी फर्म के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख / करार पर हस्ताक्षर किये।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र(से.नि.), सी एम डी, बी डी एल ने कहा कि बी डी एल अपनी वैश्विक पहुँच के अंतर्गत विदेशी कंपनियों के साथ सहभागिता स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। बी डी एल देशी कंपनियों के साथ सहभागिता स्थापित करने के साथ-साथ स्टार्ट-अप कंपनियों को अपने नवोन्मेषी कार्यक्रमों में भागीदार बनने के लिये भी प्रोत्साहन देता आ रहा है। इससे नवीन टेक्नॉलॉजी का उपयोग कर सशस्त्र सेनाओं के लिये नये-नये उत्पाद विकसित कर विनिर्माण के क्षेत्र में इनके नवोन्मेषी विचारों को बी डी एल की क्षमताओं, इंफ्रास्ट्रक्चर और गहन व उत्कष्ट अनुभव का सहयोग मिलेगा।

***